# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

**रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर**

**शुद्धिपत्र क्रमांक 03/02/परीक्षा/2015, दिनांक 27.02.2016**

**सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा 2015**

**परीक्षा तिथि तथा परीक्षा केन्द्रों की संख्या में परिवर्तन तथा ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि में संशोधन की सूचना**

**परीक्षा तिथि : 12.06.2016**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन करने तथा केंद्र अग्रमान्यता में सुधार की अंतिम तिथि | **10.03.2016** |
| सामान्य त्रुटि सुधार की अवधि | **12.03.2016 से 17.03.2016 तक** |

01 आयोग द्वारा गृह विभाग, मध्य प्रदेश शासन हेतु सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी के 251 पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 02/परीक्षा/2015, दिनांक 22.12.2015 आयोग की वेबसाइट www.mppscdemo.in, www.mppsc.nic.in, एवं www.mppsc.com पर जारी किया गया था तथा "रोजगार और निर्माण" समाचार पत्र के दिनांक 28.12.2015 के अंक में भी प्रकाशित किया गया था ।

02 उक्त विज्ञापन में परीक्षा इंदौर तथा भोपाल परीक्षा केंद्र उल्लेखित थे। उक्त विज्ञापन के संदर्भ में जारी शुद्धिपत्र क्रमांक 02/02/परीक्षा/2015, दिनांक 29.01.2016 द्वारा ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 04.03.2016 निर्धारित की गयी थी तथा परीक्षा तिथि 05.06.2016 निर्धारित की गयी थी। वर्तमान में उक्त पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन-पत्र जमा किए जा रहे है।

03 उक्त विज्ञापन में इस शुद्धि-पत्र द्वारा निम्नानुसार संशोधन किए जाते है :-

(अ) उक्त ऑनलाइन परीक्षा दिनांक **12.06.2016** को निम्न शहरों में स्थित निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी :-

**1. इंदौर 2. भोपाल 3. ग्वालियर 4. जबलपुर 5. सागर 6. सतना 7. उज्जैन**

(प्रशासनिक आवश्यकता के दृष्टिगत शहर केन्द्रों की संख्या परिवर्तित की जा सकेगी)

(ब) पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि **10.03.2016** निर्धारित की जाती है।

(स) ऑनलाइन आवेदन पत्रों में वर्तमान में जारी त्रुटि सुधार की प्रक्रिया स्थगित की जाती है

(द) वे अभ्यर्थी जो ऑनलाइन आवेदन पत्र भर चुके है तथा अपने परीक्षा शहर अग्रमान्यता में सुधार कर अपनी अग्रमान्यता के तीन केंद्र चुन सकेंगें। यह सुधार अभ्यर्थी स्वयम अथवा Mponline के कियोस्क के माध्यम से कर सकते है। स्वयं सुधार करने पर कोई शुक देय नहीं होगा किन्तु Mponline के कियोस्क के माध्यम से सुधार करने पर ₹ 10/- पोर्टल चार्ज देय होगा।

(इ) ऑनलाइन आवेदन पत्र में अन्य त्रुटि सुधार दिनांक 12.03.2016 से 17.03.2016 तक किया जा सकेगा तथा जिसके लिए ₹ 50/- पोर्टल चार्ज देय होगा।

यदि कियोस्कधारक द्वारा अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है तो एमपीऑनलाइन से निम्न नंबर पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं:-

हेल्पलाइन - 0755-4019400

04 उक्त ऑनलाइन परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र दिनांक **20.05.2016** से **10.06.2016** तक www.mppscdemo.in, www.mppsc.nic.in तथा www.mppsc.com पर उपलब्ध रहेंगें।

05 विज्ञापन की शेष शर्ते पूर्ववत रहेंगी ।

सचिव